Regarding need for establishment of Central Agricultural University in Misrikh Lok Sabha Constituency-Laid

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख) :** उत्तर प्रदेश के मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला सीतापुर, हरदोई एवं कानपुर नगर सहित समस्त ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र कृषि की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध एवं संभावनाशील हैं । यहाँ की मिट्टी, जलवायु, भौगोलिक संरचना तथा फसल विविधता उन्नत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा संस्थान की स्थापना के लिए अत्यंत उपयुक्त है, किंतु दुर्भाग्यवश इस क्षेत्र में उन्नत कृषि शिक्षा, आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक खेती से संबंधित संस्थानों का अभाव है । इस कारण स्थानीय किसानों को नवाचार, वैज्ञानिक तकनीकों, गुणवत्ता सुधार, आधुनिक सिंचाई पद्धतियों एवं बाजारोन्मुखी खेती से जुड़ने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । यदि इस क्षेत्र में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाती है, तो इससे किसानों की उत्पादकता एवं आय में वृद्धि, कृषि आधारित उद्योगों का विस्तार, आधुनिक कृषि अनुसंधान को बढ़ावा, युवाओं को उन्नत कृषि शिक्षा एवं रोजगार के अवसर, तथा संपूर्ण मध्य उत्तर प्रदेश के कृषि विकास को नई दिशा मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा । अतः मेरा माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी से विनम्र आग्रह है कि मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाने की कृपा की जाए ।